



October 2018- March 2019 Vol. 12 (2) अक्तूबर 2018-मार्च 2019 खंड 12 (2)


## From Director's Desk...



This half yearly period witnessed momentous achievements through various research outcomes, inter-institutional HRD programmes, IRRI-CIWA, CIWA-Mahindra, CIWA-State Govt. collaborative activities, celebration of important days in addition to the regular research and outreach activities. A prototype of tent type solar dryer has been made for promoting hygienic drying of small and indigenous freshwater fishes. With the objective of maximizing the yield from mango based production system, a series of intercropping options have been optimized to ensure round the year vegetable production in mango orchards. Proper feeding and management of goat and timely vaccination enabled the farm women to reduce mortality of kids from 20% to 5%. A two-days National Conference on ''Revisiting Agricultural Research and Monitoring System for Developing Innovations: To Meet Newer Challenges" was jointly organized by the Agricultural Research Service Scientists Forum and ICAR-CIWA during 24-25 November, 2018. The Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi launching programme in Odisha was organized at this Institute on 24 February, 2019. The inaugural function was graced by Shri Gajendra Singh Shekhawat, Hon'ble Minister of State for Agriculture & Farmers' Welfare, Govt. of India, New Delhi as Chief Guest. Union Minister of Agriculture and Farmers' Welfare, Govt of India, Shri Radha Mohan Singh laid down the Foundation Stone of ICAR-CIWA Women Trainees' Hostel through E plaque from ICAR-NRRI , Cuttack on 26 February, 2019. On his visit to ICAR-CIWA, the Honourable Minister interacted with all the staff members of CIWA and encouraged the scientists to bring out some novel women friendly farming technologies. The Institute celebrated/ observed Vigilance Awareness Week, Rashtriya Ekta Diwas, Agricultural Education Day, Women in Agriculture Day, World Soil Health Day, Kisan Divas, Swachhta Hi Sewa, Swachhta Pakhwada, National Productivity Week, National Science Day, International Women's Day and Foundation Day.

**(S.K. SRIVASTAVA)**

**DIRECTOR**

## निदेशक की कलम से...

आधे वर्ष की इस अवधि के दौरान इस संस्थान में विभिन्न अनुसंधान परिणामों, अंतर-संस्थागत मानव संसाधन विकास संबंधी कार्यक्रमों , आईआरआरआई-सीआईडब्ल्यूए , सीआईडब्ल्यूए-मेहेन्द्रा, सीआईडब्ल्यूए- राज्य सरकार के सहयोगात्मक क्रियाकलापों, महत्वपूर्ण दिवसों के आयोजन और इसके साथ ही नियमित अनुसंधान एवं आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की गई हैं। छोटी और मीठे जल की देसी मछलियों की सफाई से सुखाई करने को बढ़ावा देने के लिए टेंट प्रकार के एक सौर शुष्कक का प्रोटोटाइप तैयार किया गया है। आम पर आधारित उत्पादन प्रणाली से सर्वाधिक उपज लेने के उद्देश्य से अनेक अंतर-फसलन विकल्पों को उपयुक्ततम बनाया गया है, ताकि आम के बागों में वर्षभर सब्ज़ी उत्पादन सुनिश्चित किया जा सके। बकरी के मेमनों की मृत्युदर को 20% से घटाकर 5% करने की दृष्टि से खेतिहर महिलाओं को सक्षम बनाने हेतु बकरियों को उचित आहार देने, उनका प्रबंधन करने और समय पर टीका लगाने का कार्य किया गया है। कृषि अनुसंधान सेवा वैज्ञानिक मंच (एग्रीकल्चरल रिसर्च सर्विस साइंटिस्ट फोरम) और भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला अनुसंधान संस्थान द्वारा 24-25 नवम्बर2018 को 'नवोन्मेषों के विकास के लिए कृषि अनुसंधान एवं निगरानी प्रणाली का पुनरावलोकन : नई चुनौतियों का सामना' विषय पर संयुक्त रूप से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस संस्थान में 24 फरवरी 2019 को ओडिशा के लिए प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री गजेन्द्रि सिंह शेखावत, माननीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार, नई दिल्ली ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थिति होकर समारोह की शोभा बढ़ाई। भारत सरकार के केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री राधा मोहन सिंह ने 26 फरवरी 2019 को भा.कृ.अ.प.-एनआरआरआई, कटक से ई-प्लॉक के माध्यम से भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला अनुसंधान संस्थान के महिला प्रशिक्षणार्थी छात्रावास का शिलान्यास किया। भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला अनुसंधान संस्थान के अपने दौरे के दौरान माननीय मंत्री ने संस्थान के सभी स्टाफ सदस्यों से विचार-विमर्श किया तथा वैज्ञानिकों को कुछ नई महिलाओं के लिए उपयुक्त खेती संबंधी तकनीकें विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही संस्थान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह, राष्ट्रीय एकता दिवस, कृषि शिक्षा दिवस, कृषिरत महिला दिवस, विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस, किसान दिवस, स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता पखवाड़ा, राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और स्थापना दिवस जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**(एस. के. श्रीवास्तव)**

**निदेशक**

## RESEARCH HIGHLIGHTS

### Optimizing Technological Interventions with Gender Perspective in Small Scale Mango Orchards

*Ankita Sahu, S.K. Srivastava, J. Charles Jeeva and Chaitrali S. Mhatre*

With the objective of maximizing the yield from mango based production system, a series of intercropping options have been optimized to ensure "Round the year vegetable production in mango orchards". A trial was conducted in Harekrushnapur village of Mayurbhanj district, in which vegetable kits for summer, winter and rainy season were provided to 50 farm families to grow vegetables as an intercrop in a consolidated patch of mango orchard of 60 acres. Most of the farmers are marginal and have poor access to agri-inputs including quality seeds. As a point of intervention, good quality seeds of Arka varieties of vegetables were popularized among the farm families and trainings were provided on management of the crop. The varieties were selected on the basis of their yield potential and resistance to biotic and abiotic stresses. Focusing on optimum spatial and temporal utilization, the crops were grown in order to ensure continuous harvest from the production system. Early planting of crops was also advocated to the farming community to fetch remunerative market price. Some of the promising IIHR technologies viz., Arka fermented coco peat and Arka Microbial Consortium (AMC) was extended to the farmers of the region, in which the women farmers were provided hands on training in Pro-tray method of vegetable nursery raising by using the coco-peat and AMC. Eighty six per cent of the farmers reported vigorous vegetable seedlings by use of AMC. For popularizing the biological control of pests, Trichocards were distributed to control the severity of fruit borer infestation in brinjal. Considering the significance of micronutrient application in enhancing the yield and quality of vegetable crops, Arka vegetable special (micronutrient formulation) were also distributed.

Table: 1 Details of vegetables grown as an intercrop in juvenile Mango orchard planted at 10 m x 10 m spacing at village Harekrushnapur, Mayurbhanj district

| S. No. | Vegetables | Cultivars | Specifications | Avg. yield (per acre) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Brinjal | Arka Neelachal Kranti<br>Arka Neelachal Shyama | Early<br>High yielding | 6-8 t |
| 2. | Chilli | Arka Neelachal Agni | High yield<br>Suitable for green as well as red chilli | 2-3 t |
| 3. | Tomato | Arka Rakshak | Triple disease resistant (Leaf Curl Virus, Bacterial Wilt and Early Blight), High yield: 30-32 t/acre in 140 days | 24-25 t |
| 4. | Onion | Arka Lalima | Medium to big sized bulbs with globe shape and firm texture<br>Bulb yield: 19 t/acre. | 8-10 t |
| 5. | Okra | Arka Anamika | Field tolerant to Yellow Vein Mosaic Virus, Yield 8 t/acre | 5-6 t |

## अनुसंधान उपलब्धियां

### आम के छोटे आकार के बागों में लिंग के संदर्भ में प्रौद्योगिकीय युक्तियों को उपयुक्ततम बनाना

**अंकिता साहू, एस.के. श्रीवास्तव, जे. चार्ल्स जीवा और चैत्राली एस. म्हात्रे**

आम पर आधारित उत्पादन प्रणाली से सर्वाधिक उपज लेने के उद्देश्य से अनेक अंतरफसलन विकल्पों को उपयुक्ततम बनाया गया है, ताकि 'आम के बागों में पूरे वर्ष सब्जी उत्पादन' सुनिश्चित किया जा सके। मयूरभंज जिले के हरेकृष्णपुर गांव में एक परीक्षण किया गया जिसमें 50 किसान परिवारों को ग्रीष्मकालीन, शरदकालीन और वर्षा ऋतु की सब्जियों की किट उपलब्ध कराई गईं, ताकि आम के 60 एकड़ के बाद के एकमुश्त टुकड़े पर अंतरफसल के रूप में सब्जियां उगाई जा सके। जिन किसानों को ये किट उपलब्ध कराई गई उनमें से अधिकांश सीमांत हैं तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण बीजों सहित कृषि से संबंधित अन्य निवेश आसानी से उपलब्ध नही हो पाते हैं। हस्तक्षेप के तौर पर सब्जियों की अर्का किस्मों के श्रेष्ठ गुणवत्तापूर्ण बीजों को कृषक परिवारों के बीच लोकप्रिय बनाया गया तथा फसल के प्रबंध पर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन किस्मों का चुनाव उनकी उपज क्षमता तथा जैविक व अजैविक प्रतिकूल स्थितियों के विरुद्ध प्रतिरोध के आधार पर किया गया था। समय और काल के उपयुक्ततम उपयोग को ध्यान में रखते हुए फसलें उगाई गईं ताकि उत्पादन प्रणाली से निरंतर फसलें लेना सुनिश्चित हो सके। बाजार से लाभदायक मूल्य प्राप्त करने के लिए किसान समुदाय को फसलों की अगेती रोपाई करने की सलाह दी गई। इस क्षेत्र के किसानों को आईआईएचआर की कुछ आशाजनक प्रौद्योगिकियों जैसे अर्का किण्वित कोकोपीट और अर्का सूक्ष्मजैविक कंसोर्टियम (एएमसी) को अपनाने के लिए कहा गया। इसके साथ ही खेतिहर महिलाओं को कोकोपीट और एएमसी का उपयोग करके सब्जी की नर्सरी उगाने की प्रो-ट्रे विधि का प्रशिक्षण भी दिया गया। लगभग 86% किसानों ने एएमसी के उपयोग से सब्जी पौधों की अच्छी वृद्धि के बारे में रिपोर्ट किया। पीड़कनाशियों के जैविक नियंत्रण को लोकप्रिय बनाने के लिए बैंगन की फसल में फलबेधक कीट के संक्रमण की गहनता को नियंत्रित करने के लिए ट्राइकोकार्ड वितरित किए गए। सब्जी फसलों की उपज और गुणवत्ता बढ़ाने में सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग के महत्व को ध्यान में रखते हुए अर्का वेजिटेबल स्पेशल (सूक्ष्मपोषक तत्व फार्मूलेशन) भी वितरित किए गए।

सारणी 1: मयूरभंज जिले के हरेकृष्णपुर गांव में 10 मी.x 10 मी. अंतराल की रोपाई वाले आम के युवा पौधों के बाग में अंतरफसल के रूप में उगाई गई सब्जियों का विवरण

| क्र.सं. | सब्जियां | किस्में | विशिष्टताएं | औसत उपज (प्रति एकड़) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बैंगन | अर्का नीलांचल क्रांति<br>अर्का नीलांचल श्यामा | अगेती<br>उच्च उपजशील | 6-8 टन |
| 2. | मिर्च | अर्का नीलांचल अग्नि | उपज उपजशील<br>लाल मिर्च तथा हरी मिर्च की दृष्टि से उपयुक्त | 2-3 टन |
| 3. | टमाटर | अर्का रक्षक | तिहरा रोग प्रतिरोध (पर्ण कुचन विषाणु, जीवाण्विक मुरझान और अगेती झुलसा), उच्च उपजशील : 30-32 टन/है. – 140 दिनों में | 24-25 टन |
| 4. | प्याज | अर्का लालिमा | कठोर बनावट के साथ-साथ ग्लोब जैसी आकृति के मझौले से बड़े आकार के प्याज के गंठे<br>प्याज उपज : 19 टन/एकड़ | 8-10 टन |
| 5. | भिण्डी | अर्का अनामिका | पीले शिरा चित्ती विषाणु की खेत में सहिष्णु, 8 टन/एकड़ उपज | 5-6 टन |

| S. No. | Vegetables | Cultivars | Specifications | Avg. yield (per acre) |
|---|---|---|---|---|
| 6. | Dolichos bean | Arka Adarsh | Pole type, Photo-insensitive<br>Early variety, Pod Yield: 12 t/acre in 120 days | 6-7 t |
| 7. | Garden pea | Arka Apoorva | Mid-season pea variety<br>Whole pod edible<br>Resistant to rust and powdery mildew, Pod yield: 4 t/acre in 90 days | 2-2.5 t |
| 8. | Radish | Arka Nishant | Resistant to pithiness<br>Premature bolting, root branching and forking.<br>Yield 14-16 t/acre. | 8-10 t |
| 9. | Amaranthus | Arka Samrakshak | High yielding, High antioxidant activity, Yields 4.4 t/acre in 30-35 days | 3.5-4 t |
| 10. | Spinach | Arka Anupama | Multi-cut type, Late flowering<br>Medium large, dark green, thick and succulent leaves<br>Low in oxalates, Yields 16 t/acre from 4 cuttings in 75-80 days | 9-10 t |
| 11. | Yam | Orissa Elite | Field tolerant to leaf spot, scales and mealy bugs<br>Avg. yield is 10 t/acre | 7.5-8 t |
| 12. | Cucurbits | Hybrid varieties | Greater yield potential | 8-12 t |

| क्र.सं. | सब्जियां | किस्में | विशिष्टताएं | औसत उपज (प्रति एकड़) |
|---|---|---|---|---|
| 6. | सेम | अर्का आदर्श | बेल प्रकार की, प्रकाश-असंवेदी अगेती किस्म, फली उपज : 12 टन/एकड़ – 120 दिनों में | 6-7 टन |
| 7. | सब्जी मटर | अर्का अपूर्व | मटर की मध्य मौसमी किस्म जिसकी पूरी फली खाई जा सकती है, रतुआ तथा चूर्णी फफूंद की प्रतिरोधी, फली उपज : 4टन/एकड़ – 90 दिनों में | 2-2.5 टन |
| 8. | मूली | अर्का निशांत | मूली कड़ेपन की प्रतिरोधी पकने के पूर्व बोल्टिंग की भी प्रतिरोधी। इसके साथ-साथ जड़ के शाखित होने और विभाजित होने के प्रतिरोध से युक्त उपज 14-16 टन/एकड़ | 8-10 टन |
| 9. | चौलाई | अर्का संरक्षक | उच्च उपजशील उच्च एंटिऑक्सीडेंट क्रिया, उपज 4.4 टन/एकड़ – 30-35 दिनों | 3.5-4 टन |
| 10. | पालक | अर्का अनुपमा | अनेक कटाई वाली, पछेती पुष्पन, मध्यम बड़ी, गहरे हरे रंग की, मोटी और रसभरी पत्तियां, ऑक्जोलेट की मात्रा कम, उपज : 4 कटाइयों में 16 टन/एकड़ - 75-80 दिनों में | 9-10 टन |
| 11. | जीमीकंद | उड़ीसा एलाइट | पत्ती धब्बा, स्केल और मीली बग की खेत सहिष्णु, औसत उपज, 10 टन/है. | 7.5-8 टन |
| 12. | खीरा-ककड़ी | संकर किस्में | अधिक उपज क्षमता | 8-12 टन |



*Brinjal cv. Arka Neelachal Kranti*

## Enhancing Income of Rural Women through Improved Goat Rearing

***Biswanth Sahoo, Anil Kumar, A. K. Panda, Sabita Mishra and Jyoti Nayak***

The project was implemented in 2 major goat producing districts i.e., Ganjam and Khorda of Odisha. A study (field trial) of 4 months duration was conducted on the effect of supplementary feeding of locally available proteinaceous oil cakes and mineral mixture on the growth performance of male kids. Supplementation of mineral mixture along with groundnut oil cake resulted in higher growth rate by 17.3% showing synergistic effect of protein and mineral mixture on growth performance of goats. Twenty farm women in both the districts were trained through capacity development

## उन्नत बकरी पालन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि

**बिश्वनाथ साहू, अनिल कुमार, ए.के. पाण्डा, सबिता मिश्रा और ज्योति नायक**

यह परियोजना ओडिशा के 2 प्रमुख बकरी उत्पादक जिलों नामत: गंजम और खोर्दा में लागू की गई थीं। स्थानीय रूप से उपलब्ध प्रोटीन से भरपूर तेल की खलियों और खनिज मिश्रण के पूरक आहार का बकरियों के नर मेमनों की वृद्धि निष्पादन पर क्या प्रभाव पड़ता है, इसका पता लगाने के लिए 4 माह की अवधि का एक अध्ययन (प्रक्षेत्र परीक्षण) किया गया। मूंगफली के तेल निकाली गई खली के खनिज मिश्रण से युक्त आहार देने से 17.3% उच्चतर वृद्धि दर प्राप्त हुई जिससे बकरियों के वृद्धि संबंधी निष्पादन पर प्रोटीन और खनिज मिश्रण के सकारात्मक प्रभाव का प्रदर्शन होता है। दोनों जिलों की 20 खेतिहर महिलाओं को बकरियों के आवास, आहार, प्रजनन, प्रबंधन व रोग से बचाव की विधियों पर क्षमता विकास संबंधी कार्यक्रम के

programme on housing, feeding, breeding, management and disease prevention methods. Proper feeding and management of goat and timely vaccination enabled the farm women to reduce mortality of kids from 20% to 5%.

### Status of Women in Peri-urban Dairy Farming: Mainstreaming their Role for Enhancing Income and Productivity

*Biswanath Sahoo, Anil Kumar, A. K. Panda and Lipi Das*

The project was undertaken in three urban areas of Odisha viz., Jagatsinghpur, Cuttack and Puri. The study revealed that the dairy farmers in Odisha retain only 25 per cent of the milk at household level, sell about 60 per cent as fluid milk and convert only 18 per cent of the milk into value added dairy products. Milk production density (kg/day/km2) was highest in Jagatsinghpur (173) followed by Cuttack (108) and Puri (104). The availability of milk (g/day) in Jagatsinghpur was highest (250) followed by Puri (208) and Cuttack (159) which might be due to high human population in Cuttack. Organization of farmers-scientists interface, awareness and training programme enabled to popularize the technologies especially feeding of mineral mixture, balanced ration and cultivation of perennial fodder (Sugar cane, Yashwant, Hybrid napier, CO-4, IGFRI-6) by 50% of identified farm women in each study areas of 3 districts engaged in peri urban dairy farming.

### Gender Inclusive Homestead Aquaculture for Enhancing Household Fish Consumption and Income

*Tanuja, S., Ananta Sarkar, Gayatri Moharana and Chaitrali S. Mhatre*

Indigenous fishes collected from the wild (rivers and canals) were stocked in 12 homestead ponds of Dubuduba village @ 10000/acre. A reservoir pond of small indigenous fish has been maintained in the village. The homestead pond owners were taught the method of measurement of pH, alkalinity and hardness of pond water using kits which are primary water quality indicators. For the periodic harvesting of small indigenous fishes from homestead ponds, a prototype of dip net has been made. Gill nets with mesh size of 12mm were made and trials of harvesting of small indigenous fishes with these gill nets were made after 2 months of stocking of SIFFS. The gill nets were set for almost 6-7 hrs in the pond. On an average, 3.6 kg/acre of SIFFS were harvested from homestead ponds using the gill nets. The harvested Amblypharyngodon mola (Mahurali) had crude protein 53.03%, crude fat13.75%, ash 19.5%, Calsium 2.11%, Phosphorus 2.1%, Magnesium 0.132%, Iron 101.5ppm, Copper 114.5ppm, Zinc 91.6ppm and Manganese 32ppm. Indigenous box type and funnel type fish traps were procured from local fishermen for testing its efficiency in harvesting of SIFFS from homestead ponds and also to make possible refinements with women perspective. A prototype of tent type solar dryer has been made for promoting hygienic drying of SIFFS.

माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। बकरियों को उचित आहार देने व उनका प्रबंधन करने के साथ-साथ उनके समय पर टीकाकरण से खेतिहर महिलाओं की मेमनों की मृत्यु दर 20% से घटकर 5% रह गई।

### परिनगरीय डेरी पालन में महिलाओं की स्थिति : आय तथा उत्पादकता बढ़ाने में उनकी मुख्य धारा संबंधी भूमिका

**बिश्वनाथ साहू, अनिल कुमार, ए.के. पाण्डा और लिपि दास**

यह परियोजना ओडिशा के शहरी क्षेत्रों नामत: जगत सिंह पुर, कटक और पुरी में चलाई गई। अध्ययन से यह ज्ञात हुआ कि ओडिशा के डेरी पालक किसान केवल25 प्रतिशत दूध अपने घरों के लिए रखते हैं, 60% दूध बाजार में बेचते हैं और केवल 18% दूध को ही मूल्यवर्धित डेरी उत्पादों में परिवर्तित करते हैं। दुग्धोत्पादन घनत्व (कि.ग्रा./दिन/कि.मी.2) जगतसिंहपुर में सर्वोच्च(173) था जिसके पश्चात् क्रमश: कटक (108) और पुरी (104) का स्थान था। दूध की उपलब्धता (ग्रा./दिन) भी जगतसिंहपुर में ही सर्वोच्च थी (250) जिसके पश्चात् इस मामले में पुरी (208) और कटक (159) का स्थान था। इसका कारण कटक में उच्च मानव जनसंख्या हो सकता है। किसानों-वैज्ञानिकों के बीच सम्पर्क कार्यक्रमों, जागरूकता तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन से प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से पशुओं को खनिज मिश्रण, संतुलित राशन का आहार देने और बहु वर्षीय चारे (सूगर केन, यशवंत, हाइब्रिड नेपियर, सीओ-4, आईजीएफआरआई-6) की खेती करने से इन प्रौद्योगिकियों को लोकप्रिय बनाने में मदद मिली। यह अध्ययन परिनगरीय डेरी पालन वाले 3 जिलों में प्रत्येक क्षेत्र के अंतर्गत पहचानी गई खेतिहर महिलाओं में किया गया था और इसके परिणामस्वरूप 50 प्रतिशत लाभदायक परिणाम प्राप्त हुए।

### मछली के घरेलू उपयोग तथा आय में वृद्धि के लिए लिंग समाहित वासभूमि जलजंतु पालन

**तनुजा एस., अनन्त सरकार, गायत्री मोहराना और चैत्राली एस. म्हात्रे**

वन्य क्षेत्र (नदियों और नहरों) से एकत्र की गई देसी मछलियों को दुबदुबा गांव में 10000/एकड़ की दर से 12 वासभूमि तालाबों में रखा गया। गांव में देसी मछलियों का एक जलाशय तालाब भी बनाकर उसका रखरखाव किया गया है। वासभूमि तालाब के स्वामियों को pH मापने, किट का उपयोग करने तालाब के जल की क्षारीयता और कठोरता को नापने की विधि के बारे में सिखाया गया। इससे जल की गुणवत्ता को बनाए रखने में सहायता मिली। वासभूमि तालाबों से छोटी देसी मछलियों को निर्धारित अवधि में पकड़ने के लिए निमज्जन जाल का एक प्रोटोटाइप बनाया गया। 12 मि.मी. के जाली आकार के गलफड़ा जाल तैयार किए गए तथा इन गलफड़ा जालों की सहायता से एसआईएफएफएस के 2 माह के भंडारण के पश्चात् छोटी देसी मछलियों को पकड़ने पर परीक्षण किए गए। ये गलफड़ा जाल तालाब में लगभग 6-7 घंटों के लिए लगाए गए। इन जालों का उपयोग करके वासभूमि तालाबों से औसतन 3.6 कि.ग्रा./एकड़ एसआईएफएफएस का प्रग्रहण किया गया। इस प्रकार पकड़ी गई एम्बलीफरिंगोडॉन मोला (महुराली) में 53.03% कच्चा प्रोटीन, 13.75% कच्चा वसा, 19.5% भस्म, 2.11% कैल्सियम, 2.2% फास्फोरस, 0.132% मैग्नीशियम, 101.5 पीपीएम लौह, 114.5 पीपीएम तांबा 91.6 पीपीएम जस्ता और 32 पीपीएम मैग्नीज़ होते हैं। वासभूमि तालाबों से एसआईएफएफएस के प्रग्रहण में दक्षता की जांच के लिए स्थानीय मछुआरों से देसी बक्सा प्रकार के और फुलेन प्रकार के फंदे खरीदे गए तथा महिलाओं के संदर्भ में इनमें यथासंभव संशोधन भी किए गए। एसआईएफएफएस के स्वच्छतापूर्ण शुष्कन को बढ़ावा देने के लिए टेंट प्रकार के एक सौर शुष्कक का प्रोटोटाइप भी बनाया गया है।



*Prototype of tent type solar dryer*

## DSIR funded project on "Adding Value to Fish: a Potential Livelihood Option for Rural Women of Odisha"

*Tanuja, S. and J. Charles Jeeva*

Consumer preferences of value added fish products was assessed through a survey of 30 urban consumers. As per the survey report, price, taste and health factor are the most important attributes which consumers look for in a value added fish product.

Table 2. Attributes of value added fish products which consumer considered as important (%)

| Attributes | Solar dried fish | Prawn pickle | Prawn chutney powder | Fish cutlet | Fish momos | Fish papad |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Price | 90 | 90 | 95 | 80 | 95 | 90 |
| Appearance | 75 | 90 | 85 | 75 | 90 | 80 |
| Attractive packing | 70 | 70 | 70 | 80 | 85 | 75 |
| Taste | 95 | 95 | 95 | 98 | 85 | 90 |
| Availability | 50 | 60 | 45 | 70 | 50 | 70 |
| Ease of availability of ingredients and ease of preparation | 80 | 50 | 60 | 85 | 60 | 60 |
| Variety | 40 | 60 | 50 | 40 | 50 | 40 |
| Health factor | 85 | 90 | 90 | 80 | 90 | 80 |
| Nutrition information on the pack | 90 | 85 | 70 | 80 | 80 | 85 |
| Ease of availability | 50 | 50 | 60 | 45 | 70 | 60 |

The proximate composition, nutritional analysis and organoleptic assessment of the various value added products prepared were done. The shelf analysis of the innovative value added products are being carried out.

Table 3. Proximate composition of value added fish products

| Products | Moisture(%) | Crude protein (%) | Fat (%) | Ash (%) |
|---|---|---|---|---|
| Papad | 7.79 | 41.08 | 3.4 | 40 |
| Dry Kokali | 14.39 | 77.68 | 8 | 44.7 |
| Dry Rani | 30 | 70.225 | 12.75 | 26.73 |
| Dry Mahurali | 24.18 | 53.85 | 11.75 | 21 |
| Dry Prawn | 5.8 | 62.23 | 2.5 | 64.7 |
| Prawn Chutney powder | 2.8 | 35.35 | 5.6 | 54.7 |
| Prawn pickle | 38 | 19.83 | 27.25 | 2.4 |

## 'मछलियों का मूल्यवर्धन : ओडिशा की ग्रामीण महिलाओं के लिए एक सक्षम आजीविका विकल्प' पर डीएसआईआर की निधि सहायता प्राप्त परियोजना

**तनुजा, एस. और चार्ल्स जीवा**

कुल 30 शहरी उपभोक्ताओं के सर्वेक्षणों के माध्यम से मछलियों के मूल्यवर्धित उत्पादों के प्रति उपभोक्ताओं की पसंद का मूल्यांकन किया गया। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार मूल्य, स्वाद और स्वास्थ्य संबंधी कारक वे सर्वाधिक महत्वपूर्ण विशेषताएं हैं जिन्हें उपभोक्ता मछलियों के मूल्यवर्धित उत्पादों में देखना चाहते हैं।

सारणी 2. उपभोक्ताओं द्वारा दिए जाने वाले महत्व को ध्यान में रखते हुए मछली के मूल्यवर्धित उत्पादों की विशेषताएं

| विशेषताएं | सौर शुष्कित मछली | झींके के अचार | झींगा चटनी चूर्ण | मछली कटलेट | मछली मोमो | मछली पापड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मूल्य | 90 | 90 | 95 | 80 | 95 | 90 |
| दिखावट | 75 | 90 | 85 | 75 | 90 | 80 |
| आकर्षक पैकिंग | 70 | 70 | 70 | 80 | 85 | 75 |
| स्वाद | 95 | 95 | 95 | 98 | 85 | 90 |
| उपलब्धता | 50 | 60 | 45 | 70 | 50 | 70 |
| घटकों की आसानी से उपलब्धता और तैयार करने में आसानी | 80 | 50 | 60 | 85 | 60 | 60 |
| किस्म | 40 | 60 | 50 | 40 | 50 | 40 |
| स्वास्थ्य संबंधी कारक | 85 | 90 | 90 | 80 | 90 | 80 |
| पैक पर दी गई पोषक संबंधी सूचना | 90 | 85 | 70 | 80 | 80 | 85 |
| आसानी से उपलब्धता | 50 | 50 | 60 | 45 | 70 | 60 |

तैयार किए गए विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पादों के संघटन, पोषणिक विश्लेषण तथा स्वास्थ्य संबंधी मूल्यांकन किए गए। नए मूल्यवर्धित उत्पादों की निधानी आयु या बिना खराब हुए टिके रहने की अवधि का विश्लेषण भी किया गया।

सारणी 3. मछली के मूल्यवर्धित उत्पादों का आसन्न संघटन

| उत्पाद | नमी (%) | कच्चा प्रोटीन (%) | वसा (%) | भस्म (%) |
|---|---|---|---|---|
| पापड़ | 7.79 | 41.08 | 3.4 | 40 |
| शुष्क कोकाली | 14.39 | 77.68 | 8 | 44.7 |
| शुष्क रानी | 30 | 70.225 | 12.75 | 26.73 |
| शुष्क महुराली | 24.18 | 53.85 | 11.75 | 21 |
| शुष्क झींगा | 5.8 | 62.23 | 2.5 | 64.7 |
| झींगा चटनी चटनी पाउडर | 2.8 | 35.35 | 5.6 | 54.7 |
| झींगे का अचार | 38 | 19.83 | 27.25 | 2.4 |

## MAJOR EVENTS

### National Conference on 'Revisiting Agricultural Research and Monitoring System for Developing Innovations: To Meet Newer Challenges'

A two-days National Conference on ''Revisiting Agricultural Research and Monitoring System for Developing Innovations: To Meet Newer Challenges" was jointly organized by the Agricultural Research Service Scientists Forum and ICAR-Central Institute for Women in Agriculture at ICAR-CIWA, Bhubaneswar during 24-25 November, 2018. The Conference was inaugurated by Dr. N. S. Rathore, Deputy Director General (Ag. Education), ICAR, New Delhi. The National Conference was designed to address the gaps that impede the faster dissemination of developed agricultural technologies to the farmers and to suggest the efficient ways for reforming the present agricultural research monitoring system. The main objective of the conference was to reform the agricultural research monitoring system in tune with the problem solving approach at field level and to motivate scientists to evolve farmers' friendly technologies for faster adoption that aid in doubling the farmers' income. Dr. P.K. Agarwal, Assistant Director General (NASF), ICAR, New Delhi delivered the valedictory address during the valedictory session on 25 November, 2018. Dr. S. K. Srivastava, Director, ICAR-CIWA, Dr. Indramani Mishra, President, ARSSF, Dr. S. Manivannan, General Secretary, ARSSF and Dr. P.S. Brahmanand, Vice-President (Eastern Zone), ARSSF coordinated the Conference. Directors from various ICAR Institutions, and about 120 Scientists from different parts of the Country attended the Conference.



### ICAR-CIWA signed MoU with Panagri Consultancy (OPC) Private Limited, Bhubaneswar for Gender Empowerment in Agriculture

The Memorandum of Understanding was signed between ICAR-Central Institute for Women in Agriculture (ICAR-CIWA),Bhubaneswar and Panagri Consultancy (OPC) Private Limited, Bhubaneswar on 4 January, 2019 in the august presence of Institute Management Committee (IMC) Members on the occasion of 20th IMC Meeting of ICAR-CIWA. As per the MoU, both institutions have decided to enter into long-term collaboration for conducting research projects,



## प्रमुख कार्यक्रम

### 'नवोन्मेषों के विकास के लिए कृषि अनुसंधान एवं निगरानी प्रणाली का अवलोकन : नई चुनौतियों से निपटना' पर राष्ट्रीय सम्मेलन

भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान में कृषि अनुसंधान सेवा वैज्ञानिक मंच (एआरएसएसएफ) और भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से 24-25 नवम्बर 2018 को भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान, भुवनेश्वर में 'नवोन्मेषों के विकास के लिए कृषि अनुसंधान एवं निगरानी प्रणाली का अवलोकन : नई चुनौतियों से निपटना' पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन डॉ. एन.एस. राठौर, उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा), भा.कृ.अ.प., नई दिल्ली ने किया। यह राष्ट्रीय सम्मेलन किसानों तक विकसित प्रौद्योगिकियों के तेजी से प्रचार-प्रसार में आने वाली बाधाओं को दूर करने तथा वर्तमान कृषि अनुसंधान निगरानी प्रणाली में सुधार के कारगर उपाय सुझाने के लिए आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य खेत स्तर पर समस्याओं को हल करने तथा वैज्ञानिकों को किसानों के लिए अनुकूल ऐसे प्रौद्योगिकियां विकसित करने हेतु प्रेरित करना था जिन्हें किसान तेजी से अपना सकें और इस प्रकार, उनकी आय दुगुनी हो सके। समापन सत्र के दौरान 25 नवम्बर 2018 को डॉ. पी.के. अग्रवाल, सहायक महानिदेशक (एनएएसएफ), भा.कृ.अ.प., नई दिल्ली ने समापन भाषण दिया। डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, निदेशक, भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान; डॉ. इन्द्रमणि मिश्र, अध्यक्ष, एआरएसएसएफ; डॉ. एस. मणिवन्नन, महासचिव, एआरएसएसएफ; तथा डॉ. पी.एस. ब्रह्मानंद, उपाध्यक्ष (पूर्वी अंचल), एआरएसएसएफ ने सम्मेलन का संयोजन किया। भा.कृ.अ.प. के विभिन्न संस्थानों के निदेशकों तथा देश के विभिन्न भागों से आए लगभग 120 वैज्ञानिकों ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

### कृषि में लिंग सशक्तिकरण के लिए भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान और पनाग्री कंसल्टेंसी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड, भुवनेश्वर के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान की 20वीं संस्थान प्रबंध समिति की बैठक में संस्थान प्रबंध समिति (आईएमसी) की गरिमामय उपस्थिति में 4 जनवरी 2019 को भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान (भा.कृ.अ.प.-सीआईडब्ल्यूए), भुवनेश्वर तथा पनाग्री कंसल्टेंसी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड, भुवनेश्वर ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन के अनुसार दोनों संस्थाओं ने कृषि उत्पादन, क्षमता निर्माण, प्रभाव मूल्यांकन, आधार स्तर के सर्वेक्षणों, सामाजिक-आर्थिक विकास, लिंग सशक्तिकरण

technical studies, trainings, knowledge transfer on agri-production, capacity building, impact assessment, base line surveys, socio-economic development, skill development etc on gender empowerment. The MoU was signed by Dr. S. K. Srivastava, Director, ICAR-CIWA Bhubaneswar and Shri. Sushanta Nayak, Director, Panagri Consultancy (OPC) Private Limited on behalf of respective organizations.

**Launching of Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi and Kisan Mela**

The Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi launching programme in Odisha was organized at ICAR-Central Institute for Women in Agriculture, Bhubaneswar on 24 February, 2019. The programme was formally launched at national level by the Hon'ble Prime Minister of India at Gorakhpur, Uttar Pradesh. A Kisan Mela cum live webcast/ telecast of this launching programme was organized at the Institute in which about 1500 farmers, Govt. officials and Scientists participated. The inaugural function was graced by Shri Gajendra Singh Shekhawat, Hon'ble Minister of State for Agriculture & Farmers' Welfare, Govt. of India, New Delhi as Chief Guest and Mr. P. K. Swain, Jt. Secretary (Marketing), Dept. of Agriculture & Cooperation, Govt. of India, New Delhi as guest of honour. The event offered an opportunity for several farmers representing 40 villages across Odisha to attend the live webcast of PM Mann ki Baat, followed by detailed elaboration of the Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi programme. One of the progressive farm women, Smt. Gouri Mohapatra of Nuasahi village of Puri district interacted live with the Hon'ble PM and expressed her gratitude for the benefits which she availed from several Govt. schemes aiming to double the farm income. The programme was successfully coordinated by Dr. B. Sahoo, Pr. Scientist, ICAR-CIWA.






**Shri Radha Mohan Singh, Union Minister of Agriculture visited ICAR-CIWA**

Hon'ble Union Minister of Agriculture and Farmers' Welfare, Govt of India, Shri Radha Mohan Singh laid down the Foundation Stone of ICAR-CIWA Women Trainees' Hostel through E plaque from ICAR-NRRI , Cuttack on 26 February, 2019. On his visit to ICAR-CIWA, the Honourable Minister interacted with all the staff members of CIWA and encouraged

पर कौशल विकास आदि जैसे विषयों में अनुसंधान परियोजनाएं चलाने, तकनीकी अध्ययन करने, प्रशिक्षण आयोजित करने, कृषि उत्पादन पर ज्ञान के हस्तांतरण के लिए दीर्घावधि सहयोग करने का निर्णय लिया है। इस समझौता ज्ञापन पर दोनों संघटनों की ओर से डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, निदेशक, भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान, भुवनेश्वर और श्री सुशांत नायक, निदेशक, पनाग्री कंसल्टेंसी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और किसान मेले का शुभारंभ**

भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान,भुवनेश्वर में 24 फरवरी 2019 को ओडिशा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर पर औपचारिक शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री ने गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में किया था। इस संस्थान में इस शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव वेब प्रसारण/टीवी प्रसारण किसान मेले में किया गया। इस मेले में लगभग 1500 किसानों, सरकारी अधिकारियों तथा वैज्ञानिकों ने भाग लिया था। श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार, नई दिल्ली ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तथा श्री पी.के. स्वैन, संयुक्त सचिव (विपणन), कृषि एवं सहकारिता विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली ने इस कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथि के रूप में भाग लिया। इस आयोजन से ओडिशा के 40 गांवों के अनेक किसानों को प्रधानमंत्री के मन की बात का सजीव वेबकास्ट देखने का सुअवसर प्राप्त हुआ। इसके पश्चात् प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पुरी जिले के नौसाही गांव की एक प्रगतिशील महिला किसान श्रीमती गौरी मोहपात्रा ने माननीय प्रधानमंत्री से आमने-सामने चर्चा की तथा भारत सरकार की उन अनेक योजनाओं से होने वाले लाभों के प्रति आभार व्यक्त किया जिनका उद्देश्य किसानों की आय दुगुनी करना है। डॉ. बी. साहू, प्रधान वैज्ञानिक, भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान ने इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संयोजन किया।

**माननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री राधा मोहन सिंह का भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान का दौरा**

भारत सरकार के माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री राधा मोहन सिंह ने 26 फरवरी 2019 को भा.कृ.अ.प.-एनआरआरआई, कटक से ई-प्लॉक के माध्यम से भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान के महिला प्रशिक्षणार्थी छात्रावास का शिलान्यास किया। भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान के अपने दौरे के दौरान मंत्री महोदय ने संस्थान के स्टाफ सदस्यों से विचार-

the scientists to bring out some novel women friendly farming technologies. During his address, he signified that a model of 1-2 acres of Integrated farming with women friendly technologies should be designed at the Institute's farm where the farmers can learn how to manage their locally available resources scientifically. The importance of terrace gardening, urban horticulture, mushroom farming and value addition as successful enterprise for women groups were also highlighted by the Hon'ble Minister.



विमर्श किया तथा वैज्ञानिकों को खेतिहर महिलाओं के लिए अनुकूल कुछ नई प्रौद्योगिकियां विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए अनुकूल प्रौद्योगिकियों से युक्त लगभग 1-2 एकड़ का समेकित फार्मिंग प्रणाली मॉडल इस संस्थान के फार्म पर विकसित किया जाना चाहिए, जहां किसान ये सीख सकें कि वे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का वैज्ञानिक ढंग से कैसे प्रबंध कर सकते हैं। मंत्री महोदय ने छत पर वाटिका लगाने, नगरीय बागवानी, खुम्बी की खेती तथा मूल्यवर्धन के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे सफल उद्यम हैं जिन्हें महिला समूह आसानी से अपना सकते हैं।

## CELEBRATION OF NATIONAL DAYS

### ICAR-CIWA observed Vigilance Awareness Week - 2018

As per the decision of Central Vigilance Commission and directives of Indian Council of Agricultural Research, New Delhi, ICAR-CIWA Bhubaneswar observed Vigilance Awareness Week-2018 from 29 October to 3 November, 2018, with the theme of "Eradicate corruption-build a new India". Dr. S.K. Srivastava, Director, ICAR-CIWA administered the pledge to all the staff members and explained the importance of the event. As a part of the celebrations, several lectures on eradicating corruption, policies/ procedures of organization, procurement procedures and essay and debate competitions for the staff of ICAR-CIWA were also organised.



## राष्ट्रीय दिवस का आयोजन

### भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2018 का आयोजन

केन्द्रीय सतर्कता आयोग के एक निर्णय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुसार भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान, भुवनेश्वर में 29 अक्तूबर से 3 नवम्बर 2018 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2018 आयोजित किया गया जिसका मुख्य विषय 'भ्रष्टाचार उन्मूलन – नए भारत का निर्माण' था। डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, निदेशक, भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान ने स्टाफ के सभी सदस्यों को शपथ दिलाई तथा इस अवसर के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंग के रूप में भ्रष्टाचार उन्मूलन, संघटन की नीतियां/क्रियाविधियां, खरीद की क्रियाविधियां जैसे विषयों पर अनेक व्याख्यान आयोजित किए गए तथा भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान के स्टाफ सदस्यों के लिए निबंध लेखन व वाद-विवाद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

### Observation of Rashtriya Ekta Diwas (National Unity Day)

The Institute observed the Rashtriya Ekta Diwas (National Unity Day) on 31 October, 2018. Rashtriya Ekta Diwas is celebrated to pay tribute to Sardar Vallabhbhai Patel, who was instrumental in keeping India united. The programme started with the inaugural address by Dr. S. K. Srivastava, Director, ICAR-CIWA. It was followed by National Unity Pledge taken by all the staff and formation of human chain in the shape



### राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

सरदार वल्लभ भाई पटेल जिन्होंने भारत को एक बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, को श्रृद्धांजलि देने के लिए संस्थान में 31 अक्तूबर 2018 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, निदेशक, भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान के उद्घाटन भाषण से हुआ। इसके पश्चात् स्टाफ के सभी सदस्यों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली और भारत के मानचित्र की आकृति की मानव श्रृंखला बनाई। इस

of map of India. A unity run was also organized, in which all the staff members, including contractual staff participated with enthusiasm.

**ICAR-CIWA observed Agricultural Education Day**

ICAR-Central Institute for Women in Agriculture (ICAR-CIWA), Bhubaneswar observed 'Agricultural Education Day' on 3 December, 2018 at Government Nodal High School, CRPF, Baramunda, Bhubaneswar. The importance of Agricultural Education Day was discussed among the students & teachers and the students were encouraged to take up agriculture discipline as a challenging career option. During this occasion, a debate competition on 'Importance of Agricultural Education: Need of the Hour' and an essay competition on 'Effect of climate change on agriculture' were organized. Also quiz and painting competitions were organized among junior and senior groups students. A total of 520 students and 30 school teachers participated in the programme and more than 220 students participated in various competitions.. This programme was coordinated by the Nodal Officer Ms. Gayatri Moharana and Co Nodal Officer Dr. J.C. Jeeva, Er. Chaitrali S. Mhatre with the other team members of CIWA Mr. B.C. Behera, Er. Pragati Kishore Rout, Er Subrat K. Das, Mr Atul C. Hemrom, and Mrs Tapawini Sahoo.




**ICAR-CIWA observed Women in Agriculture Day**

ICAR- CIWA observed "Women in Agriculture Day" on 4 December 2018 in Satyabadi block of Puri district. Dr. Jyoti Nayak, Nodal Officer, Women in Agriculture Day presented the objective of the day which is dedicated to bring recognition to women farmers for their involvement and significant contributions made in agriculture and allied fields. Dr. Lipi Das, Principal Scientist in her address stressed upon the need of skill-based capacity building programmes for women farmers and also explained the importance, necessity and advantages of forming women groups which would give them access to credit facilities leading to more visibility of women involved in farming sector. During the presidential address, Dr. S.K. Srivastava, Director, ICAR-CIWA expressed his gratitude to the women farmers and appreciated their significant contribution in various farming sectors. The programme was attended by more than 160 women farmers and officers from line departments and staff from ICAR-CIWA.



**ICAR-CIWA celebrated World Soil Health Day**

ICAR-Central Institute for Women in Agriculture, Bhubaneswar celebrated World Soil Health Day on 5 December, 2018 at

अवसर पर एकता दौड़ का भी आयोजन किया गया जिसमें निविदा स्टाफ सहित स्टाफ के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान में कृषि शिक्षा दिवस**

भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान, भुवनेश्वर द्वारा शासकीय नोडल उच्च विद्यालय, सीआरपीएफ, बारामुंडा, भुवनेश्वर में 3 दिसम्बर 2018 को 'कृषि शिक्षा दिवस' का आयोजन किया गया। छात्रों और अध्यापकों के बीच कृषि शिक्षा दिवस के महत्व के अवसर पर चर्चा की गई तथा छात्रों को चुनौतीपूर्ण जीविका वृत्ति के विकल्प के रूप में कृषि को शिक्षा के एक विषय के रूप में लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर 'कृषि शिक्षा का महत्व : समय की मांग' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा 'कृषि पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 520 छात्रों और 30 विद्यालय शिक्षकों ने भाग लिया, जबकि 220 से अधिक छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागेदारी की। इस कार्यक्रम का संयोजन नोडल अधिकारी सुश्री गायत्री मोहराना और सह-नोडल अधिकारी डॉ. जे.सी. जीवा, इंजीनियर चेत्राली एस. म्हात्रे तथा संस्थान के अन्य दल सदस्यों ने मिलकर की। दल के इन सदस्यों में श्री बी.सी. बेहरा, इंजीनियर प्रगतिकिशोरी राउत, इंजीनियर सुब्रत के दास, श्री अतुल सी. हेमरोम और श्रीमती तपस्विनी साहू शामिल थे।

**भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान में कृषिरत महिला दिवस**

भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान ने पुरी जिले के सत्यवादी ब्लॉक में 4 दिसम्बर 2018 को 'कृषिरत महिला दिवस' मनाया। डॉ. ज्योति नायक, नोडल अधिकारी, कृषिरत महिला दिवस ने इस दिन के उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ये दिन कृषि तथा सम्बद्ध क्षेत्रों में कृषिरत महिलाओं के शामिल होने तथा उनके उल्लेखनीय योगदानों को सम्मानित करना है और इसी के लिए यह दिन समर्पित है। डॉ. लिपि दास, प्रधान वैज्ञानिक ने अपने सम्बोधन में महिला किसानों के लिए कौशल आधारित क्षमता निर्माण संबंधी कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया तथा महिला समूहों के निर्माण के महत्व, आवश्यकता और लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि ऐसा करने से महिलाओं की ऋण संबंधी सुविधाओं तक आसानी से पहुंच हो सकती है और वे खेती में अधिक से अधिक भागेदारी निभा सकती हैं। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, निदेशक, भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान ने महिला किसानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तथा खेती के विभिन्न क्षेत्रों में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। इस कार्यक्रम में 160 से अधिक खेतिहर महिलाओं, संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान के स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

**भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान में विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस का आयोजन**

भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान द्वारा ओडिशा के नयागढ़ जिले




village cluster (Hariharpur, Godipali, Karada, Katrajhari & Abhimanpur) of Odogaon block, District Nayagarh, Odisha. In this programme, more than 100 farm women participated. Mrs. Sanjukta Sitha, Sarpanch, Hariharpur Gram Panchayat graced the programme as chief guest and emphasized on the importance of soil health and role of farmwomen in taking care of it. The women were sensitized about the Mo Bari initiative taken up by gram panchayat for community composting by women. Demonstration of seed treatment with Rhizobium and Azospirillium was given. They were insisted on usage of mechanical weeding instead of chemical. Farmers were also encouraged to follow crop rotation to ensure conservation of soil nutrients. They were exposed to the concept of conservation tillage insisting on importance for reduction of soil erosion. Importance of soil testing as well as soil health was explained to farm women by Mr. Sanjaya Kumar Behera and Ms. Tapaswini Sahoo. The Chief Guest Mrs. Sanjukta Sitha distributed the soil health card to farm women. Farmers- Scientists Interface was also organized wherein different aspects of soil health were discussed in detail by the ICAR-CIWA team comprising of Dr. L.P. Sahoo, Er. Chaitrali. S. Mhatre, Mrs Tapaswini Sahoo and Mr. S.K.Behera

**Kisan Divas observed in ICAR-CIWA**

The Institute celebrated Kisan Diwas on 23 December, 2018, as a part of the campaign on Swachhta Pakhwada observed during 16-31 December, 2018. The programme was inaugurated by Dr. S. K. Srivastava, Director, ICAR-CIWA. During the celebration, 10 progressive farm women, who have adopted innovative farming practices and done exemplary services in spreading the message of Swachh Bharat Abhiyan were felicitated by the Chief Guest. The awardees also shared their swachhta experiences with their peer groups. About 120 farm women from different villages of Puri district, organized as clusters under the banner of Mahila Vikas Sangathan participated in the programme. The inaugural programme was followed by Farmers-Scientist Interfaces covering three technical sessions viz., Mushroom production, Horticulture, Floriculture, Dairy, Poultry and Fisheries. Smt. Supriya P. Singh from Mahila Vikas Sangathan participated in the programme as Guest of Honour. The programme was coordinated by Dr. Anil Kumar, Principal Scientist, ICAR-CIWA.




**Swachh Bharat Abhiyan**

Swachhta Hi Sewa (15 September-2 October, 2018) and Swachhta Pakhwada (16 - 31 December, 2018) programmes

के ओदोगांव ब्लॉक के ग्राम समूह (हरिहरपुर, गोदीपाली, करादा, कटराझारी और अभिमानपुर) में 5 दिसम्बर 2018 को विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक खेतिहर महिलाओं ने भाग लिया। श्रीमती संजुक्ता सीता, सरपंच, हरिहरपुर ग्राम पंचायत ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा मृदा के स्वास्थ्य के महत्व और उसकी देखभाल करने में खेतिहर महिलाओं की भूमिका के महत्व पर बल दिया। महिलाओं को उनके द्वारा सामुदायिक कम्पोस्टीकरण के लिए ग्राम पंचायत द्वारा शुरू की गई मो बारी पहल के बारे में प्रेरित किया गया। राइज़ोबियम तथा एज़ोस्पिरिलम से बीजोपचार का प्रदर्शन किया गया। उनसे कहा गया कि वे खरपतवारों को निकालने के लिए रसायनों के स्थान पर यांत्रिक विधियों का उपयोग करें। मिट्टी के पोषक तत्वों का संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए किसानों को फसल क्रम अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। मिट्टी को कटाव को कम करने के लिए संरक्षण जुताई की कल्पना के महत्व के बारे में भी किसानों को समझाया गया। श्री संजय कुमार बेहरा और सुश्री तपस्विनी साहू ने खेतिहर महिलाओं को मिट्टी परीक्षण के साथ-साथ मिट्टी के स्वास्थ्य के महत्व के बारे में भी बताया। मुख्य अतिथि श्रीमती संजुक्ता सीता ने खेतिहर महिलाओं को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किए। इस अवसर पर वैज्ञानिकों के साथ एक चर्चा भी आयोजित की गई जिसमें भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान के दल के द्वारा मिट्टी के स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। इस दल में डॉ. एल.पी. साहू, इंजीनियरी चेत्राली, एस. म्हात्रे, श्रीमती तपस्विनी साहू और श्री एस.के. बेहरा शामिल थे।

**भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान में किसान दिवस**

संस्थान में 16-31 दिसम्बर 2018 के दौरान आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के एक अंग के रूप में 23 दिसम्बर 2018 को किसान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ.एस.के. श्रीवास्तव, निदेशक, भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान ने किया। इस आयोजन के दौरान जिन 10 प्रगतशील खेतिहर महिलाओं ने खेती की नई-नई विधियों को अपनाया था और स्वच्छ भारत अभियान के संदेश के प्रचार-प्रसार में अनुकरणीय सेवाएं प्रदान की थीं उन्हें मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। इन पुरस्कार विजेताओं ने अपने साथी समूहों के साथ स्वच्छता संबंधी अपने अनुभव साझा किए। महिला विकास संगठन के बैनर तले क्लस्टर के रूप में संगठित पुरी जिले के विभिन्न गांवों से आई लगभग 120 खेतिहर महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। उद्घाटन सत्र के पश्चात किसान-वैज्ञानिक चर्चाएं आयोजित की गईं जिनमें खुम्बी उत्पादन, बागवानी, पुष्पोत्पादन, डेरी, कुक्कुट पालन और मछली पालन आदि जैसे विषयों पर तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। श्रीमती सुप्रिया पी. सिंह, महिला विकास संगठन ने इस कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. अनिल कुमार, प्रधान वैज्ञानिक, भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान ने किया।

**स्वच्छ भारत अभियान**

देशभर के अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (गृह विज्ञान) केन्द्रों सहित भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय कृषिरत महिला संस्थान की गतिविधियों को शामिल

were organized on a Pan India level including the activities of ICAR-CIWA along with it's AICRP (Home Science) Centres across the Country. Weekly on-campus cleanliness drives were also organized.

### Participation of Secretary (DARE) & Director General (ICAR) at Swachhta Pakhwada Celebrations at ICAR-CIWA

Dr. Trilochan Mohapatra, Secretary (DARE) & Director General (ICAR), New Delhi graced the Swachhta Pakhwada programme at ICAR - CIWA on 29 December, 2018. During his address, he appreciated the Institute for its Swacchta activities in its adopted villages, and doing this campaign on Pan-India level, with the help of its All India Coordinated Research Project (Home Science) units in different states. He also urged the Scientists to work for the technological empowerment of Mahila Kisan. The programme was presided over by Dr. S. K. Srivastava, Director, ICAR-CIWA. Tree planting, mass cleaning drive and human chain formation were also organized to spread the message of ''Clean India, Green India". During the celebration, the winners of various competitions organized as part of the Swachhta Pakhwada campaign, Vigilance Awareness Week and Hindi Pakhwada, and best performing farm staff were also felicitated by the Chief Guest.



### National Productivity Week organized at ICAR-CIWA

